तथ्य पत्रक



# घरेलू कीटनाशकों का प्रभावकारी नियंत्रण

## बुजुर्गों और उनकी देख-भाल करने वालों के लिए सूचना

एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक, कीटनाशकों को ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल करना एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा साबित हुआ है।

कीटनाशकों के प्रभावन में आने से बुजुर्गों पर ज़्यादा असर पड़ने की संभावना हो सकती है क्योंकि उम्र के साथ-साथ, शरीर जिस तरह रसायनों से निपटता है उसमें परिवर्तन आ जाता है।

एक एकीकृत कीट प्रबंधन प्रणाली का इस्तेमाल करके आप कीटनाशकों के अनावश्यक उपयोग से बच सकते हैं।

क्या आपको पता है कि युनाइटेड स्टेट्स के प्रत्येक 10 गृहस्थियों में से 8 गृहस्थियों में घर के अंदर और बाहर दोनों जगहों में कीटनाशक इस्तेमाल किए जाते हैं?[1] आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले कीटनाशकों के कुछ उदाहरण हैं तिलचटों को मारने वाला स्प्रे तथा चारा, दीमक को नियंत्रित करने वाले उत्पाद, चूहों के लिए ज़हर, पिस्सुओं और चिचड़ों के लिए स्प्रे और पाउडर, अपतृण को मारने वाले उत्पाद, कीड़ों के लिए स्प्रे, तथा रसोई और गुसलखाने के लिए रोगाणुनाशी (डिसिफ़ेक्टेंट)।

### कीटनाशकों से होने वाले पर्यावरणीय जोखिम

उच्च स्तरों में कीटनाशकों के प्रभावन में आने से, जो कि सामान्यतः उत्पाद को गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर होता है, इंसान पर गंभीर असर पड़ सकते हैं, जैसे कि सिरदर्द, चक्कर, मांसपेशियों में कंपन कमज़ोरी और उबकाई। कुछ कीटनाशकों के दीर्घकालिक और/या अत्यधिक प्रभावन में आने पर कैंसर, जनन तंत्र तथा तंत्रिका तंत्र पर असर देखे गए हैं।

### प्रभावन में आने से बचना

कीटनाशकों को बच्चों की पहुँच से दूर रखकर दादा-दादी या नाना-नानी इन्हें सुरक्षित रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इमरजेंसी रूम के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि छः वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपने घरों की तुलना में अपने दादा-दादी या नाना-नानी के घरों में ज़हर की संभावना अधिक होती है क्योंकि उन घरों में ज़हर बच्चों की पहुँच में अधिक आसानी से आ सकता है और बाल-रोधक ढक्कनों आदि का कम प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा, रिपोर्ट की गई ज़हर संबंधी घटनाओं में बुजुर्गों का हिस्सा केवल 2.8 प्रतिशत होता है, जिसमें से 5.9 प्रतिशत घटनाओं का चिकित्सकीय परिणाम मध्यम से लेकर गंभीर रूप धारण करता है और 28 प्रतिशत घटनाओं में लोगों की मृत्यु हो जाती है।[2]

यदि आपमें या आपके परिवार के किसी सदस्य में ज़हर के लक्षण नज़र आएं, तो राष्ट्रीय विष नियंत्रण केन्द्र (National Poison Control Center) के सदस्य शो को 1-800-222-1222 पर फ़ोन करें।

पाद टिप्पणियां

1 U.S. EPA, National Household Pesticide Usage Study, 1992, Office of Pesticide Programs

2 National Poison Control Center Data, 1993-1998

## कीटनाशक संबंधी जोखिमों का प्रभावन कम करने और इन्हें नियंत्रित रखने के लिए आप क्या कर सकते हैं

घर पर कीटनाशकों के प्रयोग के लिए कुछ सुरागः

- लेबिल को पढ़ें। कीटनाशकों के सुरक्षित तथा प्रभावकारी उपयोग के लिए कीटनाशक का लेबिल ही आपके लिए सबसे बेहतर दर्शिका है। यदि आपको देखने में कोई बाधा है, तो सहायता मांगें।
- कीटनाशकों को उनके मूल पात्र में ही भंडारित रखें। कीटनाशक के किसी खाली पात्र को किसी दूसरे काम के लिए हर्गिज़ उपयोग न करें।
- अपने पड़ोस के किसी सामुदायिक निपटान कार्यक्रम का प्रयोग करें। स्थानीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन करने वाले अपने स्थानीय प्राधिकारी, पर्यावरणीय एजेन्सी, या स्वास्थ्य विभाग से पता करें कि क्या आपके समुदाय में खतरनाक अपशिष्ट से निपटने का कोई कार्यक्रम है। यदि नहीं है, तो लेबिल पर दिए गए निपटान के अनुदेशों का ध्यानपूर्वक पालन करें।
- घर से बाहर के लिए बनाए गए कीटनाशकों को घर के अंदर कभी इस्तेमाल न करें।
- जिन जगहों में कीटनाशक स्प्रे या कोहरा छिड़का जा चुका है, वहां से लोगों और पालतू जानवरों को दूर रखें। लेबिल पढ़कर निश्चित करें कि लोगों और पालतू जानवरों के लिए इन क्षेत्रों में लौटना कब सुरक्षित होगा।
- खाना तैयार करने और रखने वाले स्थानों में स्प्रे करने से बचें, और समूचे फर्श, दीवारों या छतों पर दवा छिड़कने से बचें।
- कीटनाशक को केवल उन्हीं जगहों तक सीमित रखें जहां कीट पाए जाते हैं और केवल उतनी ही मात्रा में लगाएं जितनी कि उत्पाद के लेबिल पर बताई गई है।
- जिस दिन हवा चल रही हो उस दिन घर के बाहर कीटनाशक मत छिड़कें। स्प्रे करने से पहले अपने घर की खिड़कियों और दरवाज़ों को बंद कर दें।
- कीटनाशक छिड़कने के बाद, अपने शरीर के उन अंगों या कपड़ों को ज़रूर धो लें जो कीटनीशक के संपर्क में आ गए हो सकते हैं।

## एकीकृत कीटनाशक प्रबंधन (आई.पी.एम) का इस्तेमाल करें - कीटनाशकों के अनावश्यक इस्तेमाल से बचें

युनाइटेड स्टेट्स की पर्यावरण सुरक्षा एजेन्सी (ई.पी.ए) की सिफारिश यह है कि कीटों को नियंत्रित करने के लिए आप घरों या रिहाइशी इमारतों में एक व्यापक कीटनाशक प्रबंधन रणनीति अमल में लाएं, जिसे अक्सर "एकीकृत कीट प्रबंधन (आई.पी.एम)" के नाम से जाना जाता है। आई.पी.एम एक ऐसी कीट प्रबंधन प्रणाली है जिसमें गैर्ररसायनिक नियंत्रण के सार्थसाथ कम विषैले कीटनाशक इस्तेमाल किए जाते हैं, और इसके फलस्वरूप मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को कम से कम जोखिम सहना पड़ता है।

उदाहरण के लिए आप कीट नियंत्रण के लिए स्प्रे की जगह पर ट्रैप चारा या जेल इस्तेमाल कर सकते हैं। आई.पी.एम खतरे में आने वाले लोगों, जैसे बुजुर्गों में स्वास्थ्य के खतरे को न्कम कर सकते हैं।

## ई.पी.ए. की वयोवृद्ध पहलकदमी के बारे में और जानें

ई.पी.ए. की वयोवृद्ध पहलकदमी शोध समन्वयन, निवारक रणनीतियां और जन शिक्षा के ज़रिए बुजुर्गों के पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा करने में व्यस्त है। अतिरिक्त जानकारी या लिस्टसर्व में भाग लेने के लिए www.epa.gov/aging पर जाएं

कीटनाशकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, 703-305-5017 पर फ़ोन करें या हमारे वेबसाइट www.epa.gov/pesticides पर जाएं।




Hindi translation of: *Effective Control of Household Pests*
Publication Number: EPA 100-F-10-001